Pay Scales of Teachers in Railway Schools

909. Shri B. S. Murthy: Will the Minister of Railways be pleased to state the pay scales of graduate teachers employed in Railway primary schools?

The Deputy Minister of Railways (Shri Shahnawaz Khan): The scale of pay prescribed for teachers in Railway primary schools is Rs 68—4—120-EB—5—170 and the minimum qualification required for the post is 'matric trained'. There is no separate scale for graduate teachers.

पुरानी दिल्ली में इमारत का गिरना

९१०. श्री मोहन स्वरूप : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि ३१ जुलाई १९५७ की रात को पुरानी दिल्ली में हैदरकुली हवेली के एक भाग के गिर जाने से चार आदमी मर गये व लगभग १० व्यक्ति घायल हुये ,

(ख) क्या सरकार को मालूम है कि दिल्ली में ऐसी बहुत सी इमारतें हैं, जिनका किसी भी समय गिरने का भय है, और

(ग) क्या सरकार का जन जीवन की सुरक्षा के लिये ऐसी समिति की नियुक्ति करने का विचार है जो इन जीर्ण मकानों की स्थिति का पता लगाने का प्रयत्न करे ?

स्वास्थ्य मंत्री (श्री करमरकर) (क) जी हां । चार आदमी मरे और कुछ व्यक्ति घायल हुये ।

(ख) दिल्ली नगरपालिका ने १५ जून, १९५७ से ६० अहातों की स्थिति खतरनाक घोषित की है । इसमें से ५८ तब तक गिराये जा चुके हैं और शेष दो के मामले विचाराधीन हैं ।

(ग) गन्दी बस्ती (सुधार और सफाई) अधिनियम १९५६ के अन्तर्गत "सक्षम प्राधिकरण" को खतरनाक इमारतों को गिराने का आदेश के पर्याप्त अधिकार हैं, अतः इस कार्य के लिये समिति नियुक्त करना आवश्यक प्रतीत नहीं होता ।

दिल्ली में गन्दी बस्तियों की सफाई

९११. श्री मोहन स्वरूप : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि दिल्ली के मोतियाखान और अण्डेवालान मोहल्लों में लोग छोटी छोटी झोपड़ियों में, जो कि मनुष्यों के रहने के सर्वथा अयोग्य है, रहते हैं ;

(ख) क्या सरकार को यह भी मालूम है कि इन बस्तियों के निम्न स्तर पर स्थित होने के कारण वर्षा ऋतु में आम तौर पर इन बस्तियों में पानी भर जाता है, जिससे यहां के निवासियों को आने जाने में बड़ी कठिनाई होती है ,

(ग) क्या सरकार को यह मालूम है कि इन बस्तियों में हर समय गन्दगी पड़ी रहती है तथा उसकी सफाई का कोई भी समुचित प्रबन्ध नहीं किया जा रहा है, और

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

स्वास्थ्य मंत्री (श्री करमरकर) (क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) ऐसी बात नहीं है । दिल्ली के तमाम भागों से गन्दगी हटाने के लिये दिल्ली नगरपालिका का समुचित प्रबन्ध रहता है । गन्दी बस्तियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है । वर्षा के दिनों में जो पानी जमा हो जाता है उसे पम्पों द्वारा निकाल लेते हैं ।

(घ) इन बस्तियों के विकास के लिये दिल्ली सुधार न्यास कदम उठा रहा है ।